PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Saturday 6th June 2015, Page: 25
Width: 16.47 cms, Height: 9.92 cms, a4, Ref: pmin.2015-06-06.47.56

जन औषधि दुकान में मिलेंगी सस्ती दवाएं

जन औषधि मेडिकल स्टोर के उद्घाटन के बाद दवाइयों का अवलोकन करते केंद्रीय मंत्री हंसराज गंगाराम अहिर। साथ में आइएमए के महासचिव डॉ. केके अग्रवाल

- बाजार की तुलना में 80 से 90 फीसद तक सस्ती मिलेंगी दवाएं
- रसायन व उर्वरक राज्य मंत्री हंसराज गंगाराम अहीर ने जन औषधि स्टोर का किया उद्घाटन

आर्थिक सामाजिक विषमता के कारण जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं का किफायती होना जरूरी है। इस पहल से लोगों को फायदा होगा। -केके अग्रवाल, महासचिव, आइएमए

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : महंगी दवाओं की मार झेल रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। आइटीओ के नजदीक स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) मुख्यालय में सस्ती दवा की जन औषधि दुकान शुरू की गई है। शुक्रवार को केंद्रीय रसायन व उर्वरक राज्यमंत्री हंसराज गंगाराम अहीर ने स्टोर का उद्घाटन किया। यह आइएमए का पहला जन औषधि स्टोर है, जहां से लोग 80 से 90 फीसद तक सस्ती दवाएं खरीद सकेंगे। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

आइएमए मुख्यालय में रसायन व उर्वरक राज्यमंत्री हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि देशभर में 50 हजार जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। इस साल तीन हजार केंद्र खोला जाएगा। इससे लोगों को सस्ती दवाएं मिल पाएगी। सरकार इस योजना को प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के नाम से नए सिरे से शुरू करेगी। ताकि इन दुकानों की संख्या बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि जन औषधि स्टोर पर उच्च गुणवत्ता की दवाएं सस्ती कीमत पर उपलब्ध होंगी। इससे दवा पर लोगों का पैसा कम खर्च होगा। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के मद्देनजर आइएमए मुख्यालय में पौधे भी लगाए।

स्टोर में 118 दवाएं उपलब्ध

आइएमए जन औषधि सेंटर में केंद्र सरकार के जन औषधि विभाग द्वारा प्रमाणित दवाएं उपलब्ध होंगी। यह स्टोर सप्ताह के सातों दिन सुबह साढे नौ बजे से शाम साढे छह बजे तक खुला रहेगा। स्टोर में अलग-अलग बीमारियों की 118 दवाएं उपलब्ध हैं, जिसमें एंटीबायोटिक, सीरप, दर्द, डिप्रेशन, ब्लड प्रेशर, हृदय की बीमारियों, कालेस्ट्राल, डायरिया, दस्त, गैस्ट्रिक, बुखार आदि की दवाएं उपलब्ध होंगी।

जन औषधि